दिनांकः 23.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है। इस अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसरो की यात्रा शुरू से ही शानदार रही है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की प्रगति भारत की प्रगति है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने इसरो के रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए।
राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा, जो समाज और प्रौद्योगिकी का अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को रेखांकित करती है।
प्रदेश में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है। ये प्रदर्शनी कल तक आयोजित की जाएगी।

000

पीएम–कुसुम योजना के तहत प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने आवंटित लक्ष्यों में वृद्धि की है। इस निर्णय से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा पर बड़े स्तर पर काम किया जाएगा और किसानों को दिन में भी पर्याप्त बिजली मिल सकेगी।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर पीएम–कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट–ए के अंतर्गत आवंटित क्षमता के लक्ष्य 550 मेगावाट को बढ़ाने का अनुरोध किया था। श्री शर्मा ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तार से चर्चा की थी। बैठक के बाद मंत्रालय ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड को 1 हजार मेगावाट क्षमता का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटन करने का आदेश जारी किया है। यह आवंटन पहले से स्वीकृत 550 मेगावाट के अतिरिक्त है। मंत्रालय नेयोजना के कम्पोनेन्ट–सी के तहत प्रदेश को 1 लाख कृषि पम्प्स का अतिरिक्त आवंटन जारी किया है। यह आवंटन प्रदेश को पूर्व में जारी किए गए 2 लाख पम्प्स के अलावा हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान प्रदेश के औद्योगिक विकास की गति को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश करने वाले उद्यमियों को भूमि, बिजली और पानी की उपलब्धता समयबद्ध तथा नीतिगत रूप से सुनिश्चित करवाई जाएंगी, जिससे निवेश धरातल पर मूर्तरूप ले सके। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य के अधिकारियों के साथ एक बैठक में समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारियों की विशेष टीम का गठन भी किया जाए। उन्होंने आयोजन का सभी माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा।

000

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रदेश के दो दिन के दौरे के तहत आज दूसरे दिन नाथद्वारा में भगवान श्रीनाथजी के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर मंडल के अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

000

पाली के रानी ब्लॉक में चल रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत आज बिजोवा गांव में शिविर लगाया गया। इसमें लोगों की बीपी और डायबिटीज की जांच की गई। कैम्प के दौरान गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषाहार की जानकारी दी गई। साथ ही नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया।

000

सलूंबर में ईको टूरिज्म को बढाने की दृष्टि से केवड़ा की नाल के बोटनिकल गार्डन में कैक्टस गार्डन का शुभारंभ हुआ। लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने गार्डन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये गार्डन ईको टूरिज्म बढ़ाने की दिशा में अभिनव प्रयास है। इससे अरावली की जैव विविधता का संरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

000